R	**रक्षित सांकेतिक स्थान**– ट्रांसमीटर लोकेटिंग करने के लिये, सांकेतिक स्थान संकेत के प्राप्त होने, को सूचित करता है। लोकेटिंग खंड को देखे।
	ट्रांसमीटर बैटरी/ ड्रिल हैड – एल्कलाइन बैटरीयों का उपयोग करने पर, ट्रांसमीटर के शेष बैटरी जीवन को अंकित करता है (यहॉ पूर्णतया चार्ज दिखाया गया है)। गहराई स्कीन मे, रिसीवर की अपेक्षा ड्रिल हैड की अवस्थिति को अंकित करने के लिये भी, इसका उपयोग किया जाता है।
	**रिसीवर बैटरी** – रिसीवर के शेष बैटरी जीवन को अंकित करता है (यहॉ 80% पूर्ण दिखाया गया है)। इसके रिक्त होने पर, बैटरी को तुरन्त बदलना जरूरी है, को सूचित करने के लिये, यह प्रतिमा लोकेट मॉड स्कीन पर प्रकट होकर, दमकती है।
	द्वि-आवृति ट्रांसमीटर चिन्ह – द्वि-आवृति ट्रांसमीटर का पता लगने पर, क्लॉक् प्रतिमा के ऊँपर बायी ओर प्रकट होता है। यह दिखाने के लिये, कि रिसीवर को कम (1.3 kHz) अथवा अधिक (12 kHz) द्वि-आवृति का पता करने के लिये, व्यवस्थित किया गया है, कमानुसार “DL” अथवा “DH” शब्द इस चिन्ह के साथ प्रकट होते है।

ट्रांसमीटर

F5 ट्रांसमीटर के प्रकार

F5 सिस्टम के साथ उपयोग करने के लिये, DCI कुल 5 आवृत्ति विकल्पो (1.3 kHz, 8.4 kHz, 12 kHz, 18.5 kHz, 19.2 kHz) के साथ, कई तरह के अलग-अलग ट्रांसमीटरो का निर्माण करता है| सभी F सीरीज तथा F5 ट्रांसमीटर, 0.1% अथवा 0.1° बढत (0% से 100% अथवा 0° से 45°) के साथ, पिच रीडींग को प्रदान करते है| F5 ट्रांसमीटर रौल को, 24 क्लॉक अवस्था मे दर्शित करते है, जबकि F सीरीज ट्रांसमीटर रौल को, 12 क्लॉक अवस्था मे दर्शित करते है| यह खंड बैटरी द्वारा संचालित F सीरीज तथा F5 ट्रांसमीटरो पर भी जानकारी देता है| FC केबिल ट्रांसमीटर का संचालन कैसे करे, पर जानकारी के लिये, *DigiTrak Multi-Function Cable Box (MFCB) Operator's Manual* को देखे|

ट्रांसमीटर ड्रिल खोल के अन्दर स्थित होता है, तथा चुम्बकीय क्षेत्र को बनाता है, जिसकी पहचान F5 रिसीवर कर सकता है| F5 रिसीवर को ट्रांसमीटर की विशेष आवृत्ति की पहचान करने के लिये, प्रोग्राम करना चाहिये| तथा, ड्रिलींग करने से पूर्व, रिसीवर का ट्रांसमीटर के साथ कैलिब्रेसन करे तथा कैलिब्रेसन का सत्यापन करे|

क्षैत्रिय संचालन आवश्यकताओं को पूरा करने तथा इनके एक दूसरे के साथ संचार को सुनिश्चित करने के लिये, ट्रांसमीटर तथा रिसीवर की क्षैत्रिय पदसंज्ञा संख्याओ को एकसमान होना चाहिये| ट्रांसमीटर की क्षैत्रिय पदसंज्ञा संख्या, अधिक–विस्तार तथा उन्नत–विस्तार ट्रांसमीटरो पर सीरियल संख्या के पास पृथ्वी प्रतिमा (🌐) के अन्दर तथा कम–विस्तार ट्रांसमीटरो पर अग्र सिरा कैप पर, अवस्थित होती है| सही संचार के लिये, इसे तथा आपके रिसीवर संख्या को एकसमान होना चाहिये (रिसीवर खंड को देखे)|



अधिक–विस्तार FX ट्रांसमीटर

अधिक–विस्तार F5 तथा F सीरीज ट्रांसमीटर, लम्बाई मे 15 इंच (38.1 सेमी) तथा व्यास मे 1.25 इंच (3.175 सेमी) होते है तथा लगभग 65 फिट (19.8 मी) की गहराई सीमा प्रदान करते है| इसके कई आवृत्ति विकल्प उपलब्ध है, जिसमे दो द्वि–आवृत्ति ट्रांसमीटर भी शामिल है|

उन्नत–विस्तार ट्रांसमीटर, लम्बाई मे 19 इंच (48.3 सेमी) लम्बा तथा व्यास मे 1.25 इंच (3.175 सेमी) होते है तथा लगभग 85 फिट (25.9 मी) की गहराई सीमा प्रदान करते है| ये 12-kHz (भूरे) अथवा 19.2-kHz (काले) वर्शन् मे उपलब्ध है|

उन्नत–विस्तार FXL ट्रांसमीटर

कम–विस्तार FS ट्रांसमीटर, लगभग 15 फिट (4.6 मी) की गहराई सीमा प्रदान करता है| इसकी माप लम्बाई मे 8 इंच (20.32 सेमी) तथा व्यास मे 1 इंच (2.54 सेमी) है तथा ये 12-kHz वर्शन् मे उपलब्ध है|

अग्र सिरा कैप विवरण के साथ कम–विस्तार FS ट्रांसमीटर

FC केबिल ट्रांसमीटर की, लगभग 90 फिट (27.4 मी) गहराई सीमा है| इसकी माप लम्बाई मे 19 इंच (48.26 सेमी) तथा व्यास मे 1.25 इंच (3.175 सेमी) है तथा ये 12-kHz वर्शन् मे उपलब्ध है| इस ट्रांसमीटर को ऐसे खोल की जरूरत होती है, जिसमे तारो के लिये जगह हो तथा जो ट्रांसमीटर की तली को एक अच्छा अर्थ संपर्क भी दे सके| FC केबिल ट्रांसमीटर का संचालन कैसे करे, पर जानकारी के लिये, *DigiTrak Multi-Function Cable Box (MFCB) Operator's Manual* को देखे|

FC केबिल ट्रांसमीटर

F5 सिस्टम के अनुरूप ट्रांसमीटरो का सारांश

प्रकार	ट्रांसमीटर मॉडल	व्याख्या	सीमा*	आवृत्ति
F Series	FS	कम –विस्तार	15 फिट (4.6 मी)	12 kHz
F Series	FX	अधिक–विस्तार	65 फिट (19.8 मी)	12 kHz
F Series	FX 19.2	अधिक–विस्तार	65 फिट (19.8 मी)	19.2 kHz
F Series	FXL	उन्नत–विस्तार	85 फिट (25.9 मी)	12 kHz
F Series	FXL 19.2	उन्नत–विस्तार	85 फिट (25.9 मी)	19.2 kHz
F5	5X 18.5	अधिक–विस्तार	65 फिट (19.8 मी)	18.5 kHz
F5	5X 8.4	अधिक–विस्तार	65 फिट (19.8 मी)	8.4 kHz
F5	5XD 19/12	अधिक–विस्तार	65 फिट (19.8 मी)	19.2 अथवा 12 kHz
F5	5XD 12/1.3	अधिक–विस्तार	65 फिट (19.8 मी)	12 अथवा 1.3 kHz
F Series	FC 12	केबिल अथवा ताररेखा	90 फिट (27.4 मी)	12 kHz
F Series (Eclipse)	EDDT, EDTS	DucTrak – कम–विस्तार अथवा अधिक–विस्तार	40 फिट (12.2 मी) अथवा 80 फिट (24.4 मी)	12 kHz
F5	FPT 19	दवाब मॉनीटर	65 फिट (19.8 मी)	19.2 kHz
F5	F5C 12	केबिल अथवा ताररेखा	90 फिट (27.4 मी)	12 kHz
F5	TT5	TensiTrak	60 फिट (18.3 मी)	12 kHz
F5	SST 12	छोटा स्टीयरिंग टूल	90 फिट (27.4 मी)	12 kHz

* कार्यक्षेत्र मे होने वाली विघ्नता की मात्रा पर, ट्रांसमीटर की सीमा निर्भर होती है| विघ्नता के बढने पर, सीमा मे कमी होती है|

बैटरीया तथा पॉवर ऑन/ ऑफ

प्रत्येक अधिक–विस्तार ट्रांसमीटर को, दो C-सैल एल्कलाइन बैटरीयों अथवा एक DCI SuperCell लीथियम बैटरी की आवश्यकता होती है| उन्नत-विस्तार ट्रांसमीटर को, एक DCI SuperCell लीथियम बैटरी की आवश्यकता होती है| उन्नत-विस्तार ट्रांसमीटर मे एल्कलाइन बैटरीयों का उपयोग करना व्यवहारिक नही है, क्योकि ये केवल कुछ घंटे तक ही कार्य कर पाती है| कम–विस्तार FS ट्रांसमीटर को, एक C-सैल एल्कलाइन बैटरी की आवश्यकता होती है|

बैटरीयों को लगाना/ पॉवर ऑन

सही तरह से बैटरीयों को लगाने पर, ट्रांसमीटर को चालू किया जाता है| बैटरीयों को लगाने के लिये:

1. एक बडे चपटे सिरे वाले स्क्रू ड्राइवर का उपयोग करके, बैटरी आवरण को ट्रांसमीटर से, घडी की सुई की उल्टी दिशा मे घुमाकर, हटा दे|
2. धन टर्मिनल सिरे को पहले अन्दर करते हुये, ट्रांसमीटर मे बैटरी अथवा बैटरीयों को लगाये| अधिक–विस्तार ट्रांसमीटर मे दो C-सैल बैटरीयों का उपयोग करने पर, बैटरीयों के बीच एक स्प्रिंग को रखने से, परिणाम मे सुधार होता है, जैसा नीचे दिखाया गया है|

बैटरी संपर्क स्प्रिंग के साथ एल्कलाइन बैटरीयों को लगाना

बैटरीयों को लगाते समय इच्छित आवृत्ति के लिये, द्वि–आवृत्ति ट्रांसमीटर को उचित वस्तुस्थिति (ऊँपर की ओर अथवा नीचे की ओर) मे होना चाहिये, जैसा नीचे दिखाया गया है|

ट्रांसमीटर को ऊँपर की ओर इशारा करते हुये बैटरीयों को लगाये

इकहरे अधिक (SH) मॉड (12 kHz) मे 5XD 12/1.3 ट्रांसमीटर का संचालन करने के लिये

तथा

अधिक–आवृत्ति मॉड (19.2 kHz) मे 5XD 19/12 ट्रांसमीटर का संचालन करने के लिये



ट्रांसमीटर को नीचे की ओर इशारा करते हुये बैटरीयों को लगाये

दोहरे अधिक (DH) मॉड (12 kHz) अथवा दोहरे कम (DL) मॉड (1.3 kHz) मे 5XD 12/1.3 ट्रांसमीटर का संचालन करने के लिये

तथा

कम–आवृत्ति मॉड (12 kHz) मे 5XD 19/12 ट्रांसमीटर का संचालन करने के लिये

द्वि–आवृत्ति ट्रांसमीटर के लिये, उचित वस्तुस्थिति मे बैटरीयों को लगाना

3. बैटरीयों को लगाने के बाद, बैटरी आवरण को दोबारा लगा दे| बैटरी आवरण को लगाते हुये सुनिश्चित करे, कि द्वि-आवृत्ति ट्रांसमीटर को उचित वस्तुस्थिति मे रखा गया है|

टिप्पणी:	5XD 19/12 द्वि-आवृत्ति ट्रांसमीटर का उपयोग करने पर, आप बैटरीयों को लगाने के पश्चात, आवृत्ति मे बदलाव कर सकते है| इस खंड मे बाद मे "5XD 19/12 द्वि-आवृत्ति ट्रांसमीटर की आवृत्ति मे बदलाव करना" को देखे| बैटरीयों को लगाते समय, 5XD 19/12 द्वि-आवृत्ति ट्रांसमीटर को इकहरे (12 kHz) अथवा दोहरे मॉड (12/1.3 kHz) पर व्यवथित करना चाहिये|

ट्रांसमीटर बैटरी स्टेट्स

एल्कलाइन बैटरीयों का उपयोग करने पर, रिसीवर के गहराई मॉड स्क्रीन पर नीचे की ओर बैटरी स्टेट्स चिन्ह, शेष बैटरी जीवन को दर्शित करता है| DCI SuperCell बैटरी का उपयोग करने पर, बैटरी स्टेट्स चिन्ह, बैटरी के समाप्त होने से कुछ पहले तक, पूर्णतया भरा दिखायी देता रहता है|

टिप्पणी:	समाप्त होने से कुछ पहले तक, SuperCell बैटरी का पूर्णतया चार्ज दिखायी देने के कारण, SuperCell बैटरी के उपयोग किये गये घंटो को, ध्यान मे रखना चाहिये|

सुसुप्त मॉड (स्वत: बन्द प्रक्रिया)/ पॉवर ऑफ

15 मिनट से ज्यादा उपयोग नही होने पर, सभी बैटरी द्वारा संचालित DigiTrak ट्रांसमीटर, सुसुप्त मॉड मे चले जाते है तथा बैटरी पॉवर को संचित करने के लिये, प्रसारण करना बन्द कर देते है| ट्रांसमीटर को "जगाने" के लिये, ड्रिल तार को घुमाये|

ट्रांसमीटर के सुसुप्त मॉड मे होने पर भी, बैटरीयों से कम मात्रा मे चार्ज खर्च होना, जारी रहता है| बैटरी पॉवर को संचित करने के लिये, जब बैटरीयों को आसानी से निकाला जा सकता हो, तो उन्हे ट्रांसमीटर मे नही छोडना चाहिये, तथा जब ट्रांसमीटर का उपयोग नही किया जा रहा हो, तो सदैव बैटरीयों को निकाल लेना चाहिये|

ट्रांसमीटर खोल की आवश्यकतायें

अधिकतम ट्रांसमीटर सीमा तथा बैटरी जीवन के लिये, ड्रिल खोल मे स्लॉटो को, न्युनतम लम्बाई तथा चौडाई आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिये तथा सही तरह से अवस्थित होना चाहिये| DCI की सलाह है, कि ड्रिल खोल की परिधि मे समान अन्तराल पर कम से कम तीन स्लॉट होने चाहिये, तथा प्रत्येक को कम से कम 1/16 अथवा 0.0625 इंच (1.6 मिमी) चौडा होना चाहिये| ठीक होने के लिये स्लॉट माप को, ड्रिल खोल की अन्दरूनी तरफ से लेना चाहिये|

अधिक-विस्तार ट्रांसमीटर (15 इंच/38.10 सेमी लम्बे) के लिये, स्लॉटो को कम से कम 8.5 इंच (21.6 सेमी) लम्बा तथा ट्रांसमीटर के अग्र भाग से कम से कम 2.0 इंच (5.1 सेमी) से अधिक तथा 3.0 इंच (7.6 सेमी) से कम पर, शुरू होना चाहिये, जैसे नीचे चित्र मे दिखाया गया है|



अधिक-विस्तार ट्रांसमीटर खोल के स्लॉट की आवश्यकतायें

उन्नत–विस्तार ट्रांसमीटर (19 इंच/48.3 सेमी लम्बे) के लिये, स्लॉटो को कम से कम 13 इंच (33 सेमी) लम्बा तथा ट्रांसमीटर के अग्र भाग से कम से कम 2.0 इंच (5.1 सेमी) से अधिक तथा 3.0 इंच (7.6 सेमी) से कम पर शुरू होना चाहिये, जैसे नीचे चित्र मे दिखाया गया है|



उन्नत-विस्तार ट्रांसमीटर खोल के स्लॉट की आवश्यकतायें

कम–विस्तार ट्रांसमीटर (8 इंच/20.32 सेमी लम्बे) के लिये, स्लॉटो को कम से कम 3.75 इंच (9.5 सेमी) लम्बा तथा ट्रांसमीटर के अग्र भाग अथवा कॉटा आवरण सिरे से कम से कम 1.25 इंच (3.2 सेमी) से अधिक पर, शुरू होना चाहिये, जैसे नीचे चित्र मे दिखाया गया है|



FS ट्रांसमीटर खोल के स्लॉट की आवश्यकतायें

FC केविल ट्रांसमीटर (19 इंच/48.26 सेमी लम्बे) के लिये, स्लॉटो को कम से कम 9 इंच (22.9 सेमी) लम्बा तथा ट्रांसमीटर के अग्र भाग अथवा कॉटा आवरण सिरे से कम से कम 2.5 इंच (6.4 सेमी) से अधिक पर, शुरू होना चाहिये, जैसे नीचे चित्र मे दिखाया गया है|



FC ट्रांसमीटर खोल के स्लॉट की आवश्यकतायें

ट्रांसमीटर को खोल मे अच्छे से बैठना चाहिये| बडे ड्रिल खोल के लिये, ट्रांसमीटर को टेप अथवा ओ-रिंग मे लपेटने तथा/अथवा खोल अडॉप्टर के उपयोग करने की जरूरत हो सकती है| अधिक जानकारी के लिये, DCI ग्राहक सेवा से संपर्क करे|

ड्रिल खोल मे सही तरह से ट्रांसमीटर को अवस्थित करने के लिये, ट्रांसमीटर के अग्रभाग सिरे कैप मे कॉटा स्लॉट को, ड्रिल खोल मे घुमाव-रोको खूँटी (कील) पर अच्छे से बैठना चाहिये| यदि आप ड्रिल खोल मे ट्रांसमीटर लगाने पर, ट्रांसमीटर को ड्रिल खोल मे सही तरह से अवस्थित नही कर पाते है, तो आपको रौल अन्तराल प्रकिया के उपयोग करने की जरूरत होती है| रौल अन्तराल मीनू का उपयोग करने पर सम्पूर्ण निर्देशो के लिये, सिस्टम व्यवस्था खंड मे “रौल अन्तराल व्यवस्थित करना” को देखे|

ट्रांसमीटर का चुनाव

रिसीवर द्वारा ट्रांसमीटर से संकेतो की पहचान करने के लिये, रिसीवर तथा ट्रांसमीटर की क्षैत्रिय पदसंज्ञा संख्याओ को एकसमान होना चाहिये, जैसा ऊँपर व्यख्यित किया गया है| रिसीवर को, ट्रांसमीटर पर उपयोग की जा रही आवृत्ति की पहचान करने के लिये, प्रोग्राम करना चाहिये तथा इसका उस ट्रांसमीटर के साथ कैलिब्रेसन करना चाहिये| ट्रांसमीटर के चुनाव तथा कैलिब्रेसन करने के लिये, सम्पूर्ण निर्देशो को “सिस्टम व्यवस्था खंड” मे दिया गया है|

विशेष आवृत्ति की पहचान करने के लिये, रिसीवर को प्रोग्राम करने के लिये, आप रिसीवर के मुख्य मीनू पर ट्रांसमीटर चुनाव मीनू का उपयोग करे| ट्रांसमीटर मॉडल तथा आपके द्वारा उपयोग की जा रही आवृत्ति के अनुसार, ट्रांसमीटर चुनाव मीनू पर विकल्प को चुने| उपलब्ध मीनू विकल्पो को, नीचे तालिका मे सूचीबद्ध किया गया है| विकल्प का चुनाव होने पर, आवृत्ति मीनू स्क्रीनो पर ऊँपर की ओर दर्शित होती है|

ट्रांसमीटर चुनाव मीनू विकल्प

मीनू विकल्प	ट्रांसमीटर मॉडल	आवृत्ति	क्लॉक अवस्थितिया
F5 19 / 12	5XD 19/12	19.2 kHz	24
F5 19 / 12	5XD 19/12	12 kHz	24
F5 12 / 1.3 SH	5XD 12/1.3	Single High (SH) – 12 kHz	24
F5 12 / 1.3 DH	5XD 12/1.3	Dual High (DH) – 12 kHz	24
F5 12 / 1.3 DL	5XD 12/1.3	Dual Low (DL) – 1.3 kHz	24
F 12	FS, FX, FXL	12 kHz	12
F 19	FX 19.2 or FXL 19.2	19.2 kHz	12
F 12	EDDT, EDTS	12 kHz	N/A
F5 18.5	5X 18.5	18.5 kHz	24
F5 8.4	5X 8.4	8.4 kHz	24
F5 19 Pressure	FPT 19	19.2 kHz	24
F5 12 Cable	F5C 12	12 kHz	24
F 12 Cable	FC 12	12 kHz	12
F5 TensiTrak	TT5	12 kHz	N/A
F5 SST	SST 12	12 kHz	360

नये ट्रांसमीटर का चुनाव करने पर, कैलिब्रेसन करने की जरूरत होती है| यदि पहले कैलिब्रेसन किये गये ट्रांसमीटरो मे अदला बदली की जाती है, तो कैलिब्रेसन करने की जरूरत नही होती है| नये F5 अथवा F सीरीज ट्रांसमीटर, F5 रिसीवर, अथवा अलग ड्रिल खोल का उपयोग करने पर, हरवार कैलिब्रेसन करने की जरूरत होती है|

टिप्पणी: 5XD 19/12 द्वि–आवृत्ति ट्रांसमीटर का उपयोग करने पर, दोनो द्वि–आवृत्तियों 12 kHz तथा 1.3 kHz पर कैलिब्रेसन के लिये, आपको दोहरे विकल्पो, DH अथवा DL, मे से केवल एक पर कैलिब्रेसन करने की जरूरत होती है| दोनो आवृत्तियों मे ड्रिलींग से पूर्व, दो दूरीयों पर गहराई रीडींग का सत्यापन करे| इकहरे अधिक (SH) मॉड का उपयोग करने पर, आप अलग से कैलिब्रेसन करे|

5XD 19/12 द्वि–आवृत्ति ट्रांसमीटर की आवृत्ति मे बदलाव करना

5XD 19/12 ट्रांसमीटर को किसी भी आवृत्ति (19 kHz अथवा 12 kHz) पर उपयोग किया जा सकता है| ट्रांसमीटर के चालू हो जाने पर, ट्रांसमीटर की आवृत्ति व्यवस्था मे दो तरह से बदलाव किया जा सकता है| पहले उपाय को, जमीन से ऊँपर ट्रांसमीटर के साथ किया जाता है तथा यह पिच उपाय कहलाता है| दूसरा उपाय, जो रौल उपाय कहलाता है, जमीन से नीचे तथा ड्रिल हैड मे रखे ट्रांसमीटर के साथ किया जाता है| दोनो उपाय नीचे व्यख्यित किये गये है|

पिच उपाय – ट्रांसमीटर चुनाव मीनू पर इच्छित ट्रांसमीटर आवृत्ति को चुने| समतल सतह पर ट्रांसमीटर को अवस्थित करे, जिससे ऑपरेशन के दौरान रौल अवस्था मे कोई बदलाव न हो, तथा लगभग 12 सेकण्ड तक इन्तजार करे| ट्रांसमीटर को बिना घुमाये, ऊँपर की ओर तिरछा करे जिससे पिच संख्या 50° (100% से ज्यादा अथवा लगभग लम्बवत) से ज्यादा हो जाये तथा इसे वहॉ पर 10–18 सेकण्ड तक पकडे रहे| ट्रांसमीटर को दोबारा इस तरह अवस्थित करे, कि यह फिर से लगभग समतल (±6.75° अथवा 15%) हो जाये| ट्रांसमीटर आवृत्ति व्यवस्था मे 10–18 सेकण्ड के अन्दर बदलाव होना चाहिये तथा रिसीवर लोकेट स्क्रीन पर ट्रांसमीटर जानकारी को दर्शित होना चाहिये|

रौल उपाय – सुनिश्चित करे, कि रौल अन्तराल प्रकिया सकिय नही है, तथा रिसीवर पर ट्रांसमीटर रौल जानकारी दर्शित हो रही है| ट्रांसमीटर को 10 o' clock (± एक-आधा भाग क्लॉक अवस्थिति) पर अवस्थित करे तथा इसे वहॉ 10–18 सेकण्ड तक रखे| तब ट्रांसमीटर को घडी की दिशा मे 2 o'clock अवस्थिति (± एक-आधा भाग क्लॉक अवस्थिति) तक घुमाये तथा वहॉ 10–18 सेकण्ड तक रखे| तब ट्रांसमीटर को घडी की दिशा मे 7 o'clock अवस्थिति (± एक-आधा भाग क्लॉक अवस्थिति) तक घुमाये| ट्रांसमीटर आवृत्ति व्यवस्था मे 10–18 सेकण्ड के अन्दर बदलाव होना चाहिये तथा रिसीवर लोकेट स्क्रीन पर ट्रांसमीटर जानकारी को दर्शित होना चाहिये|

टिप्पणी: यदि आपको आवृत्ति बदलने से पहले रौल अन्तराल प्रकिया को निष्क्रिय करना है, तो ट्रांसमीटर की क्षतिपूर्ति से पहले की रौल अवस्थिति को ध्यान मे रखना, सुनिश्चित करे, जबकि ड्रिल हैड 12 o'clock अवस्थिति मे होती है| आवृत्ति मे सफलतापूर्वक बदलाव के पश्चात, ट्रांसमीटर की रौल अवस्थिति ध्यान मे रखी गयी संख्या दिखायी देने तक, आप ड्रिल हैड को घुमाये तथा रौल अन्तराल प्रकिया को दोबारा सकिय करे|

तापमान स्टेट्स तथा ऑवरहीट सूचक

सभी DigiTrak ट्रांसमीटर, एक अन्तरीय डिजीटल थर्मामीटर से सुज्जित है| रिसीवर तथा रिमोट स्क्रीनो पर, नीचे दायी ओर ट्रांसमीटर तापमान चिन्ह के पास, ट्रांसमीटर तापमान को दर्शित किया जाता है| सामान्य ड्रिलींग तापमान सीमा 64°F (16°C) से 104°F (40°C) तक होती है| तापमान के 95°F (35°C) से ज्यादा होने पर, इसे ठंडा होने देने के लिये, आपको ड्रिलींग करना बन्द कर देना चाहिये|

टिप्पणी:	डिजीटल थर्मामीटर के ट्रांसमीटर के अन्दर होने के कारण, बाहरी ड्रिलींग दशाओ के कारण बढे हुये तापमान को, ट्रांसमीटर तक पहुॅंचने मे समय लगता है| तापमान मे किसी भी बढाव से अपरिवर्तनीय नुकसान को रोकने के लिये, इससे तुरन्त निपटा जाना चाहिये|

तापमान के 118°F (48°C) पर पहुॅंचने से, ट्रांसमीटर अत्यधिक गर्म हो जाता है| अत्यधिक तापमान पर ट्रांसमीटर के पहुॅंचने को दर्शित करने के लिये, थर्मामीटर चिन्ह बदल जाता है| ट्रांसमीटर को तुरन्त ठंडा करना चाहिये, अन्यथा यह खराब हो सकता है|

ट्रांसमीटर को ठंडा करने के लिये, ड्रिलींग करना बन्द करे तथा ड्रिल कौर को कुछ फिट पीछे हटाये तथा/अथवा अधिक ड्रिलींग द्रव्य का उपयोग करे|

ट्रांसमीटर तापमान चेतावनी ध्वनियाँ

ट्रांसमीटर तापमान मे बढत को सूचित करने के लिये, F5 रिसीवर तथा रिमोट डिसप्ले से निर्गत, सुनायी देने वाली ध्वनियों को निम्न तालिका मे संक्षेपित किया गया है|

तापमान	चेतावनी ध्वनियाँ
61°F (16°C) से कम	तापमान बढत के लिये, कोई ध्वनि नही|
61–97°F (16–38°C)	तापमान मे प्रत्येक 4°C बढत के लिये, दोहरा–बीप श्रृंखला (बीप–बीप)|
104–111°F (40–44°C)	तापमान मे प्रत्येक 4°C बढत के लिये, दो दोहरे–बीप श्रृंखला (बीप–बीप, बीप–बीप)| **टिप्पणी:** ट्रांसमीटर को ठंडा करने के लिये, कुछ करने की जरूरत है|
118–133°F (48–56°C)	तापमान मे प्रत्येक 4°C बढत के लिये, तीन दोहरे–बीप श्रृंखला (बीप–बीप, बीप–बीप, बीप–बीप)| **टिप्पणी:** अपरिवर्तनीय नुकसान को रोकने के लिये, ठंडा करना जरूरी है|
140°F (60°C) से ऊँपर	रिमोट डिसप्ले पर हर पॉच सेकण्ड मे तथा रिसीवर पर हर 20 सेकण्ड मे, तीन दोहरे–बीप क्रम| **टिप्पणी:** चेतावनी असुरक्षित ड्रिलींग दशाओ को दर्शाती है, अबतक शायद अपरिवर्तनीय नुकसान हो चुका होता है|
176°F (80°C) से ऊँपर	ट्रांसमीटर बन्द हो जाता है|
180°F (82°C)	FS तथा FC ट्रांसमीटर ऑवरहीट सूचक (तापमान विन्दू) काला हो जाता है| नीचे देखिये|
220°F (104°C)	अधिक–विस्तार तथा उन्नत–विस्तार ट्रांसमीटर ऑवरहीट सूचक (तापमान विन्दू) काला हो जाता है| नीचे देखिये|

ट्रांसमीटर ऑवरहीट सूचक (तापमान बिंदू)

ट्रांसमीटर मे अग्र सिरे कैप पर, एक तापमान ऑवरहीट सूचक (तापमान बिन्दू) होता है| तापमान बिन्दू मे एक पीला बाहरी घेरा तथा केन्द्र मे एक 1/8 इंच (3 मिमी) का सफेद बिन्दू होता है| ट्रांसमीटर के बहुत अधिक तापमान पर चले जाने से, सफेद बिन्दू का रंग बदल जाता है|

तापमान बिन्दू, कॉटा स्लॉट, तथा काले तापमान बिन्दू को दर्शित करते हुये, ट्रांसमीटर का अग्र सिरा कैप

तापमान बिन्दू के चॉदी अथवा मटमैले रंग का होना, ट्रांसमीटर के क्षमता से अधिक नही, परन्तू तापमान पर होने को, दर्शित करता है| तापमान बिन्दू का काला होना दर्शित करता है, कि अधिक-विस्तार तथा उन्नत-विस्तार ट्रांसमीटर 220°F (104°C) से अधिक तथा FS अथवा FC ट्रांसमीटर 180°F (82°C) से अधिक तापमान पर जा चुका है, तथा अब इसको पुन: उपयोग मे नही लाया जा सकता है| DCI वारन्टी उन ट्रांसमीटरो पर लागू नही होती है, जो ऑवरहीट हो गये है (काला बिन्दू) अथवा जिनसे तापमान बिन्दू को हटा दिया गया है|

ड्रिलींग तकनीकियों के सही उपयोग द्वारा, ट्रांसमीटर को ऑवरहीट होने से बचाना चाहिये| कठोर जमीन, रूके हुये फुहारे, अप्रयाप्त मॅड धारा तथा सही तरह से मिश्रित नही की गयी मॅड आदि कुछ ऐसे तथ्य है, जो ट्रांसमीटर के ऑवरहीट होने के संकट मे, अर्थपूर्ण इजाफा कर सकते है|

टिप्पणीया

रिमोट डिसप्ले

DigiTrak F Series डिसप्ले (FSD) अग्र तथा पृष्ठभाग

सामान्य विवरण

DigiTrak F Series डिसप्ले (FSD) एक बहु-प्रयोजन रिमोट है, जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के DigiTrak रिसीवरो के साथ किया जाता है| इससे ड्रिल रिग ऑपरेटर को रिसीवर से गहराई, अवस्थिति, तथा ट्रांसमीटर स्टेट्स सम्बन्धित जानकारी प्राप्त होती है| FSD रिमोट को DC केबिल स्रोत अथवा F Series बैटरी पैक द्वारा ऊँर्जित किया जाता है|

आपके DigiTrak उपकरण के साथ एक बाहरी 13 इंच (33 सेमी) टेलीमैट्री एन्टीना दिया गया है| इसको रिमोट डिसप्ले पर लगाने से संकेतो की सघनता इतनी बढ जाती है, कि रिसीवर को सीधी दृष्टि मे 1800 फिट (550 मी) तक रखा जा सकता है|

क्षैत्रिय आवश्यकताओं को पूरा करने तथा सही तरह से संचार के लिये, रिमोट के पृष्ठभाग पर स्थित, रिमोट सीरियल संख्या नामपट्टी पर दर्शित आवृत्ति पदसंज्ञा तथा रिसीवर पर दर्शित होने वाली संख्या को एकसमान होना चाहिये| रिसीवर की टेलीमैट्री आवृत्ति पदसंज्ञा रिसीवर बैटरी कक्ष के अन्दर, सीरियल संख्या नामपट्टी पर होती है (रिसीवर खंड को देखे)|

पॉवर विकल्प

FSD रिमोट को F Series बैटरी पैक अथवा DC पॉवर का उपयोग करके, ऊँर्जित किया जाता है| जब FSD को DC पॉवर द्वारा ऊँर्जित किया जाता है, तो उपयोग के लिये, सिस्टम के साथ एक ब्रेस इन्सर्ट को दिया जाता है| इसका आकार बैटरी पैक के समान होता है, तथा इसको बैटरी पैक की तरह ही लगाया तथा निकाला जाता है|

बैटरी पैक अथवा ब्रेस इन्सर्ट को लगाना तथा निकालना

बैटरी पैक अथवा ब्रेस इन्सर्ट को लगाने के लिये, इसके टैब को ऊँपर तथा FSD रिमोट से दूर की ओर करके पकडकर, इसको बैटरी कक्ष मे लगा दे तथा जब तक टैब स्थान पर जकड न जाये, इसे अन्दर की ओर दबाये|

बैटरी पैक अथवा ब्रेस इन्सर्ट को निकालने के लिये, बैटरी टैब को नीचे की ओर दबाये, तथा टैब के छुटने तक, इसे रिमोट से दूर की ओर खींचे|

DC पॉवर केबिल को जोडना

DC पॉवर केबिल को जोडने के लिये, रिमोट के पृष्ठभाग पर DC पॉवर पोर्ट से सुरक्षात्मक आवरण को हटाये| फिर DC केबिल के चार पिन छिद्रो को, DC पॉवर पोर्ट के चार पिनो की सीध मे करके, केबिल संयोजक को अन्दर धकेलकर, केबिल के दृढ होने तक घडी की सुई की दिशा मे घुमाये| फिर DC केबिल के दूसरे सिरे को DC पॉवर स्रोत मे लगा दे|

DC पॉवर केबिल



FSD रिमोट मे लगाया गया DC पॉवर केबिल तथा ब्रेस इन्सर्ट

बैटरी कक्ष मे ब्रेस इन्सर्ट को लगाये| ब्रेस इन्सर्ट ढाँचे की स्थिरता को बनाये रखता है तथा बैटरी पॉवर को बचाता है|

> **टिप्पणी:** यदि बैटरी पैक तथा DC केबिल दोनो को लगाया गया है, तो रिमोट बैटरी से पॉवर लेता है, जबतक बैटरी वॉल्टेज, DC स्रोत वॉल्टेज से कम नही हो जाती है|

की–पैड

FSD रिमोट का संचालन, डिसप्ले विण्डो के दायी ओर उपलब्ध, की-पैड का उपयोग करके किया जाता है|

स्वीकार (Execute) बटन – स्वीकार बटन (मुडा तीर) FSD ईकाई को चालू करता है तथा रोशन मीनू विकल्पो का चुनाव करता है| इसका उपयोग चमक शोधन तथा मीनू विकल्पो को स्वीकार करने के लिये भी किया जाता है| यह रिसीवर पर ट्रिगर स्विच की तरह कार्य करता है|

दिशीय बटन – ऊँपर/नीचे, दाये/बाये तीर बटन का उपयोग, मीनू विकल्पो के मार्ग निर्देशन के लिये, किया जाता है| नीचे की ओर के तीर का उपयोग, रिमोट मॉड से मुख्य मीनू पर पहुँचने के लिये भी किया जा सकता है (इस खंड मे बाद मे “मुख्य मीनू” को देखे)| दिशीय बटन, रिसीवर पर टॉगल स्विच की तरह कार्य करते है|

पॉवर ऑन/ ऑफ

FSD रिमोट को बैटरी पैक अथवा DC पॉवर स्रोत द्वारा पॉवर देने पर, आप ईकाई को चालू कर सकते है| पॉवर ऑन तथा ऑफ प्रकियाओ को नीचे दिया गया है|

पॉवर ऑन – FSD ईकाई को चालू करने के लिये, स्वीकार बटन को 2 सेकण्ड तक दबाये| आपको एक ध्वनि सुनायी देती है तथा मुख्य डिसप्ले स्क्रीन प्रकट होता है (इस खंड मे बाद मे “रिमोट मॉड” को देखे)|

पॉवर ऑफ – मुख्य मीनू स्क्रीन पर पहुँचने के लिये, नीचे की ओर के तीर को दबाये तथा छोड दे| पॉवर ऑफ मीनू विकल्प को रोशन करने के लिये, दायी ओर के तीर बटन को दबाये (इस खंड मे बाद मे “मुख्य मीनू” को देखे), तथा तब स्वीकार बटन को दबाये, जबतक कि ईकाई बन्द नही हो जाती है|

सुनायी देने वाली ध्वनियाँ

FSD रिमोट मे एक अन्तरीय स्पीकर है, जो शुरूआत के समय बीप तथा ट्रांसमीटर तापमान के बढने पर, चेतावनी ध्वनियाँ को निकालता है| चेतावनी ध्वनियों की संपूर्ण सूचि तथा उनके महत्व को जानने के लिये, ट्रांसमीटर खंड मे “ट्रांसमीटर तापमान चेतावनी ध्वनियाँ” को देखे|

स्क्रीन चमक मे शोधन करना

स्क्रीन चमक मे शोधन करने के दो रास्ते है| आसान उपाय, स्वीकार बटन को दबाकर रखते हुये, दाये तीर (डिसप्ले को उजला करने के लिये) अथवा बाये तीर (डिसप्ले को काला करने के लिये) को दबाना है| दूसरा उपाय, मुख्य मीनू पर चमक शोधन विकल्प का उपयोग करना है (इस खंड मे बाद मे “चमक मे शोधन करना” को देखे)|

प्रदर्शन कोण को व्यवस्थित करना

FSD रिमोट से प्रदर्शन कोण को, 180° बाये/दाये, 90° ऊँपर/नीचे, तथा 270° डिसप्ले के केन्द्र के चारो ओर के विस्तार मे, व्यवस्थित किया जा सकता है|

ऊँपर/ नीचे – रिमोट डिसप्ले के पृष्ठभाग मे दो घुण्डीयों को ढीला करके तथा भींचकर, इच्छानुसार स्कीन को व्यवस्थित करे, फिर घुण्डीयों को कस दे| घुण्डीयों के ढीला होने पर, घुण्डीयों को साथ मे भींचने अथवा डिसप्ले हिलाने तक, डिसप्ले लम्बवत अवस्थिति मे बना रहता है| इसलिये DCI की सलाह है, कि वापिस ड्रिलींग करने से पूर्व, घुण्डीयों को कस देना चाहिये| **टिप्पणी:** घुण्डीयों को ढीला किये बिना, डिसप्ले के ऊँपर/नीचे की अवस्थिति मे शोधन करने से, ईकाई मे खराबी आ सकती है|



डिसप्ले घुण्डीयों को ढीला करना

प्रदर्शन कोण को व्यवस्थित करना



डिसप्ले घुण्डीयों को कसना

बाये/ दाये – FSD रिमोट के चुम्बकीय पेंदे के सुदृढ होने पर, आप डिसप्ले को पेंदे के चारो ओर घुमाकर, बाये/ दाये प्रदर्शन कोण को व्यवस्थित करे|

केन्द्र – चुम्बकीय पेंदे के सुदृढ होने पर, डिसप्ले को पकडकर इच्छित अवस्थिति तक घुमाये|

स्कीन ओट को लगाना/ हटाना

FSD रिमोट का हटाये जा सकने वाला ओट, स्कीन की वर्षा तथा धूप जैसी पर्यावरण दशाओ से सुरक्षा करता है| ओट को डिसप्ले के ऊँपर छत के जोड तथा डिसप्ले की बगलो मे मोरियों द्वारा, जगह पर स्थिर रखा जाता है|

ओट को लगाने के लिये, ओट पर जकड को, डिसप्ले के बगल मे जकडने की मोरियों की सीध मे तवतक सरकाये जवतक ओट छत के जोड पर कस नही जाती है|

ओट को हटाने के लिये, ओट को छत के जोड तथा मोरियों से पीछे की ओर धकेले|

बाये/ दाये तथा केन्द्र
प्रदर्शन व्यवस्था के लिये घुमाना

मुख्य मीनू

नीचे की ओर के तीर बटन को दबाकर, मुख्य मीनू पर पहुँचा जा सकता है| यह मीनू विकल्पो को दर्शित करता है तथा रिमोट मॉड विकल्प चुनाव के लिये, स्वत: रोशन रहता है|



FSD मुख्य मीनू स्क्रीन

विकल्प को रोशन करने के लिये, तीर बटनो का उपयोग करे, तथा उस विकल्प को चुनने के लिये, स्वीकार बटन को दबाये| मुख्य मीनू विकल्पो तथा उनका चुनाव करने पर आने वाले परिणाम को, नीचे दी गयी तालिका मे सूचिबद्ध किया गया है|

FSD मुख्य मीनू विकल्प

	रिमोट मॉड – FSD ईकाई को रिमोट रेडियों मॉड मे प्रस्तुत करता है, ताकि यह रिसीवर से जानकारी को दर्शित कर सके, जिसमे ट्रांसमीटर पिच, रौल, तापमान, बैटरी स्टेटस्, गहराई, अनुमानित गहराई तथा लक्ष्य स्टियरिंग जानकारी शामिल है| नीचे “रिमोट मॉड” को देखे|
	पॉवर ऑफ – सुनायी देने वाले संकेत के बिना, ईकाई को बन्द करता है|
	व्यवस्था मीनू – व्यवस्था मीनू को आरम्भ करता है, ताकि आप टेलीमैट्री चैनल, पिच तथा गहराई इकाईयो, तथा रिसीवर मॉडल मे बदलाव कर सके| नीचे “व्यवस्था मीनू” को देखे|
	चमक शोधन – इससे आप स्कीन चमक मे शोधन कर सकते है| नीचे “चमक मे शोधन करना” को देखे|
	**केबिल मॉड विकल्प** – FC केबिल ट्रांसमीटर तथा SST स्टीयरिंग टूल ट्रांसमीटर को सक्रिय करता है| ऑपरेशन निर्देशो के लिये, कृपया *DigiTrak Multi-Function Cable Box (MFCB) Operator's Manual* को देखे|
	जानकारी – FSD सिस्टम जानकारी, जैसे सॉफ्टवेयर् वर्शन्, सीरियल संख्या, टेलीमैट्री संरूप तथा वर्तमान व्यवस्थाओ को दर्शित करता है|

रिमोट मॉड

रिमोट मॉड विकल्प FSD मुख्य डिसप्ले स्कीन को आरम्भ करता है, जो FSD रिमोट को चालू करने पर दर्शित होने वाला, मौलिक स्कीन है| यह ट्रांसमीटर पिच, रौल, बैटरी स्टेटस् तथा तापमान को दर्शित करता है| मुख्य स्कीन, FSD बैटरी स्टेटस, रिसीवर प्रकार, टेलीमैट्री चैनल, टेलीमैट्री ॲपडेट मीटर, तथा लक्ष्य स्टियरिंग जानकारी (सक्रिय होने पर) को भी दर्शित करता है| किसी भी समय इस स्कीन से बाहर निकलकर मुख्य मीनू पर वापिस जाने के लिये, नीचे की ओर के तीर को दवाये|



FSD मुख्य डिसप्ले स्कीन

FSD मुख्य डिसप्ले स्कीन तथा FSD गहराई डिसप्ले स्कीन पर अधिक जानकारी के लिये, कृपया इस खंड मे बाद मे "डिसप्ले स्कीन" को देखे|

व्यवस्था मीनू

नीचे दर्शित मुख्य मीनू स्कीन पर व्यवस्था मीनू का चुनाव करने पर, व्यवस्था मीनू प्रकट होता है|



FSD व्यवस्था मीनू स्कीन

नीचे दी गयी तालिका मे मीनू विकल्पो को, जैसे ये डिसप्ले पर प्रकट होते है की तरह तथा उनके उपयोगो के विवरण के साथ दर्शित किया गया है| FSD ईकाई के बन्द होने पर, व्यवस्था मे किया गया कोई भी बदलाव, संचित हो जाता है| DCI की सलाह है, कि आप FSD व्यवस्था को, अपने रिसीवर की व्यवस्था के समान ही, प्रोग्राम करे|

FSD व्यवस्था मीनू विकल्प

	टेलीमैट्री चैनल – टेलीमैट्री चैनल विकल्पो को शुरू करता है: 1, 2, 3, तथा 4| रिमोट तथा रिसीवर समान चैनल पर व्यवस्थित होने चाहिये तथा उनकी एकसमान टेलीमैट्री आवृत्ति पदसंज्ञा होनी चाहिये|
	रिसीवर मॉडल – इससे आप FSD ईकाई को F5, F2, SE, Eclipse, अथवा Mark Series रिसीवरो के साथ काम करने के लिये, प्रोग्राम कर सकते है| F5 के अलावा दूसरे रिसीवर का उपयोग करने के लिये, *DigiTrak MFD/FSD* ऑपरेटर मैनुएल को देखे|
	टेलीमैट्री आवृत्ति पदसंज्ञा – टेलीमैट्री क्षैत्रिय विकल्पो को शुरू करता है| यदि आप इस व्यवस्था को बदलना चाहते है, तो अपने क्षैत्र की व्यवस्था को जानने तथा सुनिश्चित करने के लिये, कि क्या यह तथा रिसीवर की टेलीमैट्री आवृत्ति पदसंज्ञा एकसमान है, DCI से सम्पर्क करे|
	गहराई इकाईया – इससे आप दूरी इकाईयों का, इंग्लिश अथवा मैट्रिक मे होने का चुनाव कर सकते है| इंग्लिश इकाईयों का चुनाव करने पर, तापमान डिग्री फॅरानॉइट (°F) मे दर्शित होता है| मैट्रिक इकाईयों का चुनाव करने पर, तापमान डिग्री सेल्सियस (°C) मे दर्शित होता है|
	पिच इकाईया – इससे आप पिच कोण इकाईयों का चुनाव कर सकते है| इसमे प्रतिशत (%) अथवा डिग्री (°) विकल्प है|
	बाहर निकलना – इससे व्यवस्था मीनू से बाहर आकर, मुख्य मीनू स्कीन पर वापिस लौटा जा सकता है| किसी भी व्यवस्था मे बदलाव होने पर, बाहर निकलना विकल्प चुनाव के लिये, स्वत: रोशन हो जाता है|

चमक मे शोधन करना

जैसे कि ऊँपर बताया गया है, की-पैड पर स्वीकार बटन को दबाकर, मुख्य डिसप्ले स्कीन से स्कीन चमक मे शोधन किया जा सकता है| इच्छित शोधन करने के लिये, बाये अथवा दाये तीर बटन को दबाये: चमक को कम करने के लिये बाये बटन को तथा चमक को अधिक करने के लिये दाये तीर बटन को| आप मुख्य मीनू पर, चमक मे शोधन करना विकल्प को चुनकर भी, चमक मे शोधन कर सकते है, जो निम्न स्कीन को दर्शित करता है|



स्कीन चमक मे शोधन

रिमोट पर बाये अथवा दाये तीर बटन के द्वारा, इच्छित विकल्प का चुनाव करे: चमक कम करना (बाया तीर), चमक अधिक करना (दाया तीर), अथवा मुडा तीर| चमक कम अथवा अधिक करना तीर का चुनाव करने के बाद, रिमोट के स्वीकार बटन को दबाकर, स्क्रीन चमक मे शोधन किया जा सकता है| स्वीकार बटन को दबाने पर, हरबार चमक बढत के साथ बदल जाती है| चमक मे इच्छित शोधन हो जाने पर, रिमोट के बाये/दाये तीर बटन का उपयोग करके, स्क्रीन पर मुडे हुये तीर को रोशन करे, तथा फिर मुख्य मीनू पर लौटने के लिये, की-पैड पर स्वीकार बटन को दबाये|

डिसप्ले स्क्रीन

मुख्य डिसप्ले स्क्रीन

मुख्य डिसप्ले स्क्रीन, एक मौलिक स्क्रीन है, जो FSD रिमोट को चालू करने पर दर्शित होता है| यह ट्रांसमीटर पिच, रौल, बैटरी स्टेटस्, तथा तापमान को दर्शित करता है| मुख्य स्क्रीन, FSD बैटरी स्टेट्स, रिसीवर के प्रकार, टेलीमैट्री चैनल, टेलीमैट्री ऑपडेट मीटर, तथा लक्ष्य स्टियरिंग जानकारी (सक्रिय होने पर) को भी दर्शित करता है| किसी भी समय इस स्क्रीन से बाहर निकलकर मुख्य मीनू पर वापिस जाने के लिये, नीचे की ओर के तीर को दबाये|



FSD मुख्य डिसप्ले स्क्रीन

टेलीमैट्री ऑपडेट मीटर प्राप्त होने वाले संकेतो की मात्रा को, दर्शित करता है| कम जानकारी प्राप्त होने पर, मीटर पर कुछ कम छडे दर्शित होती है| यदि मीटर कम हो रहा है अथवा कम भरा है, तो स्टियरिंग निर्णयो को लेने से पहले, जानकारी का सही होना सुनिश्चित करने के लिये, आपको कुछ क्षण रूकना चाहिये| मीटर के रिक्त होने का अर्थ है, कि कोई टेलीमैट्री जानकारी प्राप्त नही हो रही है तथा सभी ट्रांसमीटर जानकारी अदृश्य हो जाती है|

यदि रिसीवर पर रौल अन्तराल प्रकिया (ट्रांसमीटर की 12 o'clock अवस्थिति को टूल की 12 o'clock अवस्थिति के साथ मिलाने मे प्रयुक्त इलेक्ट्रानिक क्षतिपूर्ति) व्यवस्थित है, तो रौल अन्तराल के लिये, क्लॉक् घेरे पर नीचे दायी ओर RO शब्द दर्शित होता है| अधिक जानकारी के लिये, रिसीवर खंड मे "रौल अन्तराल मीनू" तथा सिस्टम व्यवस्था खंड मे "रौल अन्तराल व्यवस्थित करना" को देखे|

गहराई डिसप्ले स्कीन

ट्रांसमीटर की गहराई अथवा अनुमानित गहराई को, रिमोट डिसप्ले पर देखा जा सकता है, परन्तू ऐसा तभी होता है, जब रिसीवर लोकेट रेखा (LL) अथवा अग्र लोकेट बिंदू (FLP) पर अवस्थित होता है तथा ट्रिगर को दबाया जाता है| रिसीवर को सही तरह से अवस्थित करने पर, जानकारी के लिये, लोकेटिंग खंड मे “लोकेट बिंदू (FLP तथा RLP) तथा लोकेट रेखा (LL)” को देखे|

यदि रिसीवर LL पर अवस्थित होता है, तो ट्रिगर दबाने से, FSD डिसप्ले गहराई रीडिंग को दर्शित करने के लिये, बदल जाता है तथा डिसप्ले पर तीर, सतह तथा ड्रिल हैड की ओर इशारा करते है| सतह-से-ऊँचाई प्रक्रिया के सक्रिय होने पर, HAG व्यवस्था को दर्शित करने पर, रिसीवर प्रतिमा ऊँपर उठी हुयी दिखायी देती है| नीचे चित्र मे आप देख सकते है, कि HAG व्यवस्था 2' 03" है, जो रिसीवर का सतह से ऊँपर इस ऊँचाई पर रखे जाने को दर्शित करता है| HAG व्यवस्था पर अधिक जानकारी के लिये, सिस्टम व्यवस्था खंड मे “सतह-से-ऊँचाई (HAG) दूरी को व्यवस्थित करना” को देखे|



HAG सक्रिय होने पर लोकेट रेखा पर FSD गहराई डिसप्ले

रिसीवर के ट्रिगर को छोडने पर, 10 सेकण्ड तक गहराई दर्शित होती है तथा फिर डिसप्ले वापिस मुख्य स्कीन डिसप्ले पर लौट जाता है|

रिसीवर पर रैल अन्तराल व्यवस्थित होने पर, गहराई डिसप्ले तथा अनुमानित गहराई डिसप्ले पर क्लॉक् घेरे मे नीचे दायी ओर RO शब्द दर्शित होता है| अधिक जानकारी के लिये, रिसीवर खंड मे “रैल अन्तराल मीनू” तथा सिस्टम व्यवस्था खंड मे “रैल अन्तराल व्यवस्थित करना” को देखे|

अनुमानित गहराई डिसप्ले स्क्रीन

रिसीवर के अग्र अथवा पृष्ठ लोकेट बिंदू (FLP अथवा RLP) पर अवस्थित होने पर, ट्रिगर को दबाने से अनुमानित गहराई डिसप्ले स्क्रीन प्रकट होता है| हॉलाकि, अनुमानित गहराई केवल अग्र लोकेट बिंदू पर ही यथायोग्य होती है| अनुमानित गहराई डिसप्ले, रिसीवर तथा ट्रांसमीटर के आगे, अनुमानित गहराई बिंदू की ओर इशारा करते तीरो को, दर्शित करता है| अनुमानित गहराई से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिये, लोकेटिंग खंड को देखे|



HAG सक्रिय होने पर FSD अनुमानित गहराई डिसप्ले

गहराई डिसप्ले की तरह, रिसीवर पर रौल अन्तराल व्यवस्थित होने पर, FSD अनुमानित गहराई डिसप्ले पर क्लॉक् घेरे मे नीचे दायी ओर RO शब्द दर्शित होता है| ऊँपर दर्शित उदाहरण मे RO नही है, जिससे अंकित होता है, कि रौल अन्तराल व्यवस्थित नही है|

सीमा प्रतिबंध अथवा विघ्नता होने के कारण, यदि रिसीवर पर पिच जानकारी प्राप्त नही होती है, तो रिमोट गहराई तथा अनुमानित गहराई रीडिंगो के लिये, ट्रांसमीटर पिच के शुन्य होने की कल्पना करता है| इस स्थिति में, रिमोट ट्रांसमीटर पिच को निम्न रूप मे दर्शित करता है|



काल्पनिक शुन्य पिच

बैटरी चार्जर

F Series बैटरी चार्जर सिस्टम

सामान्य विवरण

DigiTrak F Series बैटरी चार्जर (FBC) सिस्टम मे, AC तथा DC पॉवर कोर्ड, एक AC ऍडापटर तथा तीन रिचार्ज किये जा सकने वाले F Series बैटरी पैक शामिल है| F5 रिसीवर तथा FSD रिमोट को ऊँर्जित करने के लिये, बैटरी पैक का उपयोग किया जाता है| आपके सिस्टम के साथ भेजी गयी AC पॉवर कोर्ड, आपके कार्यविधि के संपूर्ण क्षेत्र के लिये स्टैण्डर्ड होती है|

रिचार्ज करने की आवश्यकता होने से पूर्व, एक पूर्णतया चार्ज बैटरी पैक, F5 रिसीवर को लगभग 10 घंटो अथवा FSD रिमोट डिसप्ले को लगभग 14 घंटो तक, ऊँर्जित रख सकता है| बैटरी जीवन मे वास्तविक कमी आने से पूर्व, बैटरी पैक को लगभग 400 बार रिचार्ज किया जा सकता है|

F Series बैटरी पैक

बैटरी स्टेट्स की जॉच करना

लीथियम-ऑयन बैटरी पैक के चार्ज स्टेट्स को जॉचने हेतू, पांच LEDs के नीचे बैटरी स्टेट्स बटन को दबाये| LEDs चार्ज स्तर को सूचित करती है, जहॉ प्रत्येक LEDs 20% बैटरी चार्ज को अंकित करती है|

बैटरी चार्ज स्टेट्स की जॉच किसी भी समय की जा सकती है, बैटरी को ईकाई मे लगाते समय भी, इसकी जॉच की जा सकती है|

AC/DC पॉवर व्यवस्था

चार्जर प्लग को बैटरी चार्जर के पॉवर पोर्ट मे लगाकर, AC ऍडापटर अथवा DC पॉवर कोर्ड को लगाये (दायी ओर तस्वीर को देखे) तथा फिर इसे स्थान पर जकडने के लिये, किसी भी दिशा मे एक चौथाई चक्कर घुमाये|

AC पॉवर का उपयोग करने पर, AC पॉवर कोर्ड को AC ऍडापटर के साथ जोडे, तब कोर्ड को AC पॉवर स्विच (दीवार मे लगे हुये) मे प्लग करे| DC पॉवर का उपयोग करने पर, DC पॉवर कोर्ड को सीधे DC पॉवर स्रोत मे प्लग करे| एकबार ऊँर्जित हो जाने पर, बैटरी चार्जर पर नांरगी LED दमकने लगती है तथा चार्जर एक श्रृंखला मे बीप निकालता है|

चार्जर प्लग को पॉवर पोर्ट मे लगाना

बैटरी पैक को चार्ज करना

बैटरी चार्जर मे बैटरी पैक को लगाये, जबकि बैटरी चार्जर पॉवर स्रोत से जुडा हो तथा नांरगी LED दमकती है| सही तरह से लग जाने पर, बैटरी पैक सिरे को, चार्जर सिरे के समतल होना चाहिये| नांरगी LED दमकना बन्द करके, समूची हो जाती है, तथा सक्रिय चार्जिंग को सूचित करने के लिये, लाल LED प्रकाशित हो जाती है| DCI के अलावा दूसरे बैटरी पैक अथवा SE NiMH बैटरी पैक को, चार्ज करने की कोशिश ना करे|

बैटरी पैक के पूर्णतया चार्ज हो जाने पर, नांरगी LED फिर दमकना शुरू कर देती है, लाल LED बन्द हो जाती है, तथा हरा LED दमकना शुरू कर देती है|

टिप्पणी: FBC का उपयोग, केवल F Series बैटरी पैक को चार्ज करने के लिये, करना चाहिये|

बैटरी चार्जर के LED सूचक

बैटरी चार्जर मे तीन LEDs (लाल, नांरगी तथा हरा) होते है, जो चार्जिंग स्टेट्स के अनुसार प्रकाशित, बन्द, अथवा दमकते है| विभिन्न LED व्यवस्थाओ द्वारा सूचित चार्जिंग स्टेट्स को, बैटरी स्टेट्स, जहॉ आवश्यकता है, तथा चार्ज समय के साथ, नीचे तालिका मे सूचिबद्ध किया गया है|

LEDs	चार्जिंग स्टेट्स	बैटरी स्टेट्स	चार्ज समय
दमकता नांरगी	चार्जर को पॉवर दी जा रही है तथा यह बैटरी लगने के लिये तैयार है|	लगाया नही गया है अथवा पूर्णतया चार्ज	N/A
समूचा लाल तथा नांरगी	बैटरी चार्ज हो रही है|	4–16.8 V	<3–8 घंटे
दमकता लाल	बैटरी अथवा संचार मे दोष|	अस्थिर	अस्थिर
दमकता हरा तथा नांरगी	बैटरी पूर्णतया चार्ज है|	16.8–17 V	N/A
समूचा लाल तथा हरा	तापमान दोष (पर्यावरण कार्यविधि दशाओ के लिये, परिशिष्ट A को देखे)|	लगाया गया है	चार्ज नही होगी

चेतावनीयाँ तथा सावधानीयाँ

निम्न चेतावनीयों तथा सावधानीयों एवं “सुरक्षा संवधी सावधानीयाँ एवं चेतावनीयाँ” खंड मे दी गयी सामान्य सावधानीयों का अनुसरण न करने पर, यदि कोई कठिनाई होती है, तो उनके लिये DCI जवाबदेह नही है|

⚠	**चेतावनी:** इस मैन्युएल के अन्तरगत उपयोग करने के लिये, आपको आघात तथा दूसरी परेशानीयों से बचाने के लिये, चार्जर का निर्माण प्रर्याप्त सुरक्षा आवरणो के साथ किया गया है| चार्जर का उपयोग, इस दस्तावेज के अनुसार नही करने पर, चार्जर द्वारा दिया गया सुरक्षा आवरण, दुर्वल हो सकता है| चार्जर का उपयोग करने से पूर्व, कृपया इस मैन्युएल को पढे|
⚠	**चेतावनी:** यदि जॉच होने वाले सामान मे चार्जर को भेजना है, तो चार्जर पैक करने से पहले सुनिश्चित करे, कि बैटरीयों को चार्जर से बाहर निकाल लिया गया है|

बैटरी तापमान	• बैटरी चार्जर के चारो ओर हवा का तापमान, +32°F से +95°F (0°C से +35°C) के बीच होना चाहिये| इस सीमा से बाहर बैटरी को चार्ज करने से, चार्ज समय मे बढोतरी, बैटरी किया मे नुकसान, अथवा बैटरी जीवन कम हो सकता है| • यह महत्वपूर्ण है, कि चार्जर के चारो ओर मुक्त हवा का बहाव बना रहे, विशेषरूप से ऊँपरी तथा नीचले सूराखो के पास| • बैटरी का अन्दरूनी तापमान +32°F (0°C) से कम अथवा 113°F (+45°C) से ऊँपर होने पर, चार्जर चार्ज धारा नही देता है तथा तापमान मे दोष होने को दर्शित करता है|
बैटरी वॉल्टेज	• बैटरी को चार्जर मे लगाने पर, इसकी वॉल्टेज 8 V से 16.8 V की सीमा मे होनी चाहिये| • बैटरी वॉल्टेज 17 V से ज्यादा होने पर, चार्जर दमकते हुये लाल बैटरी दोष सूचक को दर्शित करता है तथा बैटरी चार्ज नही होती है| • बैटरी वॉल्टेज 16.8 V तथा 17 V के बीच होने पर, चार्जर पूर्णतया चार्ज स्टेटस् को दर्शित करता है| • बैटरी वॉल्टेज 4 V तथा 8 V के बीच होने पर, बैटरी वॉल्टेज के 8 V आने तक, बैटरी को धीमे धीमे चार्ज धारा दी जाती है| यदि 2 मिनट के अन्दर, बैटरी वॉल्टेज 8 V से ऊँपर नही जाता है, तो बैटरी दोष दर्शित होता है तथा बैटरी चार्ज होना बन्द हो जाता है|
चार्ज समय	• व्यापक तापमान के निर्देशित संचालन व्यापक तापमान के अन्दर होने पर, चार्जर 3 घंटो से कम समय मे, बैटरी को पूर्णतया चार्ज कर देता है| • व्यापक तापमान के निर्देशित संचालन व्यापक तापमान सीमा से ज्यादा अथवा कम होने पर, चार्जर बैटरी को चार्ज तो कर देगा, परन्तू चार्ज समय 3 घंटो से ज्यादा होता है| • 8 घंटो के अन्दर बैटरी चार्ज होना खत्म नही होने पर, बैटरी दोष दर्शित होता है तथा बैटरी चार्ज होना बन्द हो जाता है|
पॉवर आगत	दिये गये AC/DC ऍडापटर अथवा सिग्रेट लाइटर ऍडापटर केबिल का उपयोग करके, DC पॉवर के साथ निर्देशित वॉल्टेज सीमा मे, चार्जर को चालू करे| ऐसा नही करने पर, चार्जर मे खराबी आ सकती है, वांरटी निरस्त हो जाती है तथा यह सुरक्षा संकट का कारण भी हो सकता है|
उपभोक्ता उपयोगिता	चार्जर के हिस्सो को अलग करने की कोशिश न करे| इसका कोई भी हिस्सा, उपभोक्ता के उपयोग मे नही आयेगा|

दृव्य	चार्जर पर दृव्य गिरने से बचे। चार्जर पर दृव्य गिरने से, इसमे सॉर्ट सर्किट हो सकता है। चार्जर पर दुर्घटनावश दृव्य गिरने पर, इसको मरम्मत के लिये, DCI के पास भेजना चाहिये।
बैटरी निष्कासन	संयुक्त सरकार ने सभी DCI लीथियम-ऑयन बैटरीयों को, संकटविहीन कूडे के रूप मे वर्गीकृत किया है तथा इन्हे सामान्य नगरनिगम कूडे मे फेंका जा सकता है। हॉलाकि, इन बैटरीयों मे रिसाइक्लिंग वस्तुये होती है तथा रिसाइक्लिंग के लिये, रिचार्जेबल् बैटरी रिसाइक्लिंग कार्पोरेशन (RBRC) का बैटरी रिसाइक्लिंग प्रोग्राम, इनको स्वीकार करता है। कृपया 1-800-8-बैटरी पर संपर्क करे अथवा उपयोग हो चुकी बैटरीयों की रिसाइक्लिंग पर जानकारी के लिये, आप RBRC वेबसाइट www.rbrc.org पर जा सकते है।

सिस्टम व्यवस्था

यह खंड, F5 लोकेटिंग सिस्टम को व्यवस्थित करने तथा लोकेटिंग के लिये इसे तैयार करने के लिये, जरूरी कदमो का वर्णन करता है| वास्तविक लोकेटिंग निर्देशो को लोकेटिंग खंड मे दिया गया है| नीचे दिये कदम उठाने की आवश्यकता होती है:

- रिसीवर, रिमोट तथा ट्रांसमीटर को चालू करना
- विघ्नता जॉच को करना
- रिसीवर का ट्रांसमीटर के साथ कैलिब्रेसन करना तथा/अथवा कैलिब्रेसन का सत्यापन करना
- जरूरत होने पर, रौल अन्तराल व्यवस्थित करना
- सतह-से-ऊँचाई (HAG) दूरी व्यवस्थित करना

रिसीवर, रिमोट तथा ट्रांसमीटर को चालू करना

रिसीवर

1. बैटरी पैक को लगाने से पूर्व, बैटरी कक्ष के अन्दर स्थित सीरियल संख्या नामपट्टी पर अंकित टेलीमैट्री आवृत्ति पदसंज्ञा को ध्यान कर ले| इस संख्या तथा रिमोट डिसप्ले की संख्या को एकसमान होना चाहिये|
2. पूर्णतया चार्ज बैटरी पैक को लगाये|
3. ट्रिगर स्विच को कम से कम 2 सेकण्ड तक दबाकर, रिसीवर को चालू करे|
4. रिसीवर के शुरूआती स्कीन पर क्षैत्रिय पदसंज्ञा संख्या को ध्यान कर ले| इस संख्या तथा ट्रांसमीटर की संख्या को एकसमान होना चाहिये|
5. रिसीवर के मुख्य मीनू को दर्शित करने के लिये, ट्रिगर क्लिक करे|
6. मुख्य मीनू से, व्यवस्था मीनू को चुने|
7. व्यवस्था मीनू का उपयोग करके, गहराई इकाईया, पिच इकाईया, टेलीमैट्री चैनल, तथा समय तथा कलैण्डर (इच्छित होने पर) को व्यवस्थित करे|

रिमोट डिसप्ले

1. रिमोट के पृष्ठभाग पर अंकित टेलीमैट्री आवृत्ति पदसंज्ञा को ध्यान कर ले| रिसीवर की सीरियल संख्या नामपट्टी पर अंकित संख्या से, इसकी तुलना करके इसकी अनुरूपता को, सुनिश्चित करे| इनके एकसमान नही होने पर, DCI ग्राहक सेवा से संपर्क करे|
2. पूर्णतया चार्ज बैटरी पैक को लगाये अथवा DC पॉवर केबिल को जोडकर, बैटरी कक्ष मे ब्रेस इन्सर्ट को लगाये|
3. रिमोट को चालू करने के लिये, स्वीकार बटन को दबाये| आपको मुख्य डिसप्ले स्कीन दिखायी देता है|
4. मुख्य मीनू को दर्शित करने के लिये, नीचे की ओर के तीर को दबाये|
5. मुख्य मीनू से, व्यवस्था मीनू का चुनाव करे|
6. व्यवस्था मीनू का उपयोग करके, गहराई इकाईया, पिच इकाईया तथा टेलीमैट्री चैनल को व्यवस्थित करे| सुनिश्चित करे, कि आप रिमोट पर रिसीवर की तरह, समान व्यवस्थाओ का उपयोग कर रहे है|
